DECEMBER 2023 **U/ID 30680/ULE3A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. कबीर निन्दक को अपने पास रखने की बात क्यों कहते हैं?

2. निर्गुण ब्रह्म के प्रति गोपिकाओं का विचार क्या है?

3. मानव जीवन के प्रति तुलसीदास का विचार क्या है?

4. मीरा सब ब्रज वनिता को सुख की रासी क्यों कहती है?

5. ललित कलाओं के प्रति बिहारी का विचार क्या है?

6. जीवन लक्ष्य के बारे में तिरुवल्लुवर का उपदेश क्या है?

7. हिन्दी साहित्य के काल विभाजन को बताइए।

8. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया और क्यों?

9. निर्गुण भक्ति से तात्पर्य क्या है?

10. अष्टछाप के कवियों के नाम गिनाइए।

11. रीतिकाल को वह नाम क्यों पड़ा?

12. रीतिबद्ध से तात्पर्य क्या है?

SECTION B — (5 × 5 = 25 marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. जल में कुम्भ कुम्भ में जल, बाहर भीतर पानी।
फूटा कुम्भ, जल जलहि समाना, यह तथ कहो गियानी।।

14. लैन जाहु यह जोग आपनो कत तुम होत दुखारी।।
यह तो वेद-उपनिषद-मत है महापुरुष ब्रतधारी।।
हम तो अहीर अबला ब्रजवासिनी नाहिं परत संभारी।।
को है सुनत, कहत हों कासौं, कौन कथा अनुसारी।।

15. देखत तव रचना विचित्र अति समुझि मनहिं मन रहिए।
सून्य भीत पर चित्र, रंग नहिं, तनु बिनु लिखा चितेरे।।
धोये मिटै न मरैं भीति-दुख, पाइय यहि तनु हेरे।।
रविकरनीर बसै अति दान मकर रूप तेहि माहीं।।

16. सूल सेज राणा भेजो, दीज्यो मीराँ सुलाया।
साँझ भई मीरा सोवण लागी, मानो फूल बिछाय।
मीरा के प्रभु सदा सहाई राखे बिघन हटाय।
भजन भाव में मस्त डोलती गिरिधर पर बलि जाय।।

17. राम हमारे हम है राम के, हरि बिन कछु न सुहावै।
आवण कह गये अजहू न आये, जिवड़ों अति उकलावै।
तुम दरसन को आस रमैया, कब हरिदसन दिलावै।।
चरण कँवल की लगनि लगी नित, बिन दरसन दुख दावै।।

18. कनक कनक तैं सौ गुनी मादकता अधिकाय।
उहिं खाए बौराइ जगु इहिं पायें बौराइ।।

19. बाह्य शुद्धता देह को देता ही है तोय।
अंत: करण विशुद्धता प्रकट रूप सत्य सो जो।।

SECTION C — (3 × 10 = 30 marks)

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए। (1 × 10 = 10)

20. पठित दोहों के आधार पर कबीर के विचारों पर प्रकाश डालिए।

21. तुलसीदास के पठित विनय पदों का सारांश लिखिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए। $(1 \times 10 = 10)$

22. आदिकालीन साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

23. रीति सिद्ध कवियों और उनके काव्यों का परिचय दीजिए।

24. किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए। $(2 \times 5 = 10)$

(a) विद्यापति

(b) तुलसीदास

(c) जायसी

(d) घनानंद